# फाइलेरिया रोधी दवाई की अस्वीकृति को स्वीकृति में बदलने की रणनीतियाँ

**अस्वीकृति क्या है?**

जब कोई व्यक्ति बिना किसी वजह के ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर (डीए) के सामने फाइलेरिया रोधी दवाई खाने से मना करता है।

## अस्वीकृति के प्रकार

लोग विभिन्न तरीकों से एलएफ/फाइलेरिया रोधी दवाओं को खाने से मना कर सकते हैं।

- **साधारण अस्वीकृति**

  साधारण रूप से इनकार तब होता है जब कोई व्यक्ति अप्रत्यक्ष रूप से दवा लेने से बचता है, जैसे कि बिना कोई कारण बताए डीए के सामने दवा का सेवन न करना।

- **कठोर अस्वीकृति**

  कठोर अस्वीकृति में दवा को सीधे और स्पष्ट रूप से मना करना शामिल है, संभवतः बिना कोई स्पष्टीकरण दिए।



## अस्वीकृतियों का प्रभावी रूप से समाधान करना

### दुष्प्रभावों का डर

| | |
|---|---|
| वे क्या कह सकते हैं | "मुझे चक्कर, नींद, मतली, बुखार जैसा महसूस हुआ।"<br>"मैंने अपने पड़ोसी/रिश्तेदार को चक्कर, नींद, मतली, बुखार जैसा महसूस करते हुए देखा।"<br>"मैंने सुना कि किसी ने ये दवाइयां लीं और उसे चक्कर, नींद, मतली, बुखार जैसा महसूस हुआ।" |
| उनकी चिंता को सहमती प्रकट करना | "मैं दुष्प्रभावों को अनुभव करने के आपके डर को समझता हूँ; वे सामान्य हैं। मैं आपको दवा की सुरक्षा का आश्वासन देता हूँ; दुष्प्रभाव हल्के होते हैं और दवा की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की आपातकालीन संपर्क संख्या जानकारी प्रदान करें।" |
| प्रतिक्रिया | "दवा के असर को अनुभव होना यह दर्शाता है कि दवा ने काम किया है। उल्टी, चक्कर आना या बुखार जैसी छोटी-मोटी समस्यायें घर पर ही ठीक हो जाती है। |
| प्रयोग में लाया जा सकने वाला संचार उत्पाद | 1. एनिमेटेड वीडियो में दिखाया गया है कि शरीर में फाइलेरिया रोधी दवाएं कैसे काम करती हैं।<br>2. उन लोगों की गवाही जिन्होंने दवाइयां लीं हैं और बिना किसी समस्या के ठीक हो गए हैं। |

### अत्यधिक खराब परिणामों का डर:

| | |
|---|---|
| वे क्या कह सकते हैं | "दवा बांझपन का कारण बनती है। दवा विकलांगता पैदा करती है या उसे बढ़ा देती है।"<br>"स्वास्थ्य खराब करता है/रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करता है" |
| उनकी चिंता को सहमती प्रकट करना | "मैं आपकी चिंता को समझता हूँ; हालांकि फाइलेरिया से हाइड्रोसील या आजीवन विकलांगता हो सकती है, लेकिन इन फाइलेरिया रोधी दवाओं को लेने से कोई गंभीर दुष्प्रभाव प्रभाव नहीं होता है।" |
| संचार की रणनीति | 1. इस बात पर जोर दें कि इन दवाओं का उपयोग वैश्विक स्तर पर और भारत के कई राज्यों में किया गया है। |
| प्रतिक्रिया | "भारत में करोड़ों लोगों ने बिना किसी समस्याओं के ये दवाइयां ली हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और हमारी सरकार ने इन्हें मंज़ूरी दी है। इन दवाइओं से बांझपन नहीं होता है, बल्कि ये आपको और आपके परिवार को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाती हैं।" |
| प्रयोग में लाया जा सकने वाला संचार उत्पाद | 1. फाइलेरिया से हुई विकलांगता और हाइड्रोसील से पीड़ित व्यक्तियों की तस्वीरें।<br>2. उन लोगों की गवाही जिन्होंने फाइलेरिया रोधी दवा ली थी और उसके बाद उन्हें बच्चे हुए थे। |

### समर्थन में कमी:

| | |
|---|---|
| वे क्या कह सकते हैं | "अगर मुझे कुछ हो गया तो मेरे परिवार के लिए पैसे कौन कमाएगा?"<br>"मैं अपनी मजदूरी खोने या काम से छुट्टी लेने का जोखिम नहीं उठा सकता/सकती हूँ।"<br>"अगर मुझे कुछ हो गया तो मेरे बच्चों का ख्याल कौन रखेगा?"<br>"अगर मुझे कुछ हो गया तो मेरा ख्याल रखने वाला कोई नहीं है।" |
| उनकी चिंताओं को स्वीकार करना | "मैं आपके परिवार और आपके स्वास्थ्य के बारे में आपकी चिंताओं को समझता हूँ; स्वस्थ और तंदुरुस्त बने रहना बहुत ज़रूरी है।" |
| संचार की रणनीति | 1. समझाएं कि फाइलेरिया के कारण स्थायी विकलांगता हो सकती है, जिससे वे काम करने में असमर्थ होते हैं और दूसरों पर निर्भर हो जाते हैं।<br>2. प्रतिकूल प्रभाव पड़ने पर स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सहायता प्रदान करें। |

| | |
|---|---|
| प्रतिक्रिया | **एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति**<br>"अगर इन दवाओं का सेवन नहीं किया जाता है, तो (पुरुषों के लिए) लिम्फेडेमा और हाइड्रोसील का खतरा होगा, जिससे आजीवन विकलांगता हो सकती है। फिर आपके परिवार को आजीविका कौन प्रदान करेगा?"<br>**अकेले रहने वाला व्यक्ति**<br>"दवाओं से हल्के प्रभाव महसूस हो सकते हैं, लेकिन इसे नहीं लेने से फाइलेरिया हो सकता है जिसके लिए आजीवन देखभाल करने की आवश्यकता हो सकती है।"<br>**एकमात्र देखभालकर्ता**<br>"इन दवाओं को न लेने से लिम्फेडेमा होने का खतरा हमेशा बना रहेगा, जिसका कोई इलाज नहीं है और इससे विकलांगता हो सकती है, जिससे आपके बच्चों की देखभाल करना मुश्किल होगा। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे भी दवाएं लें; इस बीमारी से उनकी सुरक्षा आपकी ज़िम्मेदारी है।"<br>**वृद्ध व्यक्ति**<br>"दवाओं से हल्के प्रभाव महसूस हो सकते हैं, लेकिन इसे नहीं लेने से आपके परिवार को लिम्फेडेमा होने का खतरा हमेशा बना रहेगा और आपके बेटे और पोते को हाइड्रोसील हो सकता है। यह बीमारी मच्छरों से फैलती है और वर्षों तक निष्क्रिय रह सकती है, जो आपकी मृत्यु के बाद भी आपके परिवार को प्रभावित कर सकती है। दवाएं तभी काम करेंगी जब आप सभी लोग इसे खायेंगे। |
| प्रयोग में लाया जा सकने वाला संचार उत्पाद | फाइलेरिया से पीड़ित व्यक्ति की गवाही जिसमें वे अपनी काम करने में असमर्थता और चिकित्सा देखभाल की लागत के बारे में बता रहा है। |

कम / कोई खतरे की धारणा नहीं

| | |
|---|---|
| वे क्या कह सकते हैं | "मुझे फाइलेरिया नहीं है, इसलिए मुझे दवाई की ज़रूरत नहीं है।"<br>"फाइलेरिया होने के लिए मैं बहुत छोटा/छोटी हूँ।"<br>"फाइलेरिया सिर्फ गरीब लोगों को होता है।"<br>"मेरे परिवार में किसी को भी फाइलेरिया नहीं हुआ है।"<br>"मुझे पहले अपने पति से पूछना होगा।" |
| उनकी चिंताओं को स्वीकार करना | "मुझे खुशी है कि आप और आपका परिवार अब स्वस्थ हैं; मैं आपको ऐसा ही बने रहने में मदद करना चाहता हूँ।" |
| संचार की रणनीति | 1. इस बात पर जोर दें कि फाइलेरिया किसी को भी हो सकता है, क्योंकि यह मच्छरों के काटने से फैलता है।<br>2. इनकार करने वाले पुरुषों को हाइड्रोसील के मरीजों की तस्वीरें दिखाएं। |
| प्रतिक्रिया | "फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है यह मच्छर के काटने से फैलता है। यह हाथीपांव या हाइड्रोसील जैसे लक्षण दिखने से पहले सालों तक निष्क्रिय रह सकता है। इसे बिना किसी विशेष खून की जांच किये पहचानना मुश्किल होता है।<br>"फाइलेरिया आपके जिले में फैला हुआ है। आपके गांव के ब्लड सैंपल्स से पता चलता है कि कई लोगों को माइक्रोफाइलेरिया है। इसे और फैलने से रोकने के लिए सभी को फाइलेरिया रोधी दवाएं लेनी आवश्यक है।" |
| प्रयोग में लाया जा सकने वाला संचार उत्पाद | 1. हाथीपांव और हाइड्रोसील की तस्वीरें।<br>2. माइक्रोफाइलेरिया के लार्वा के साथ मच्छर के स्लाइड का फोटो, जो कि इनकार करने वालों के गांव से ली गई है। |

स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बारे में चिंता

| | |
|---|---|
| वे क्या कह सकते हैं | "मेरी माहवारी चालू है/ऐंठन हो रही है।"<br>"मैं स्तनपान करा रही हूँ।"<br>"मुझे कुछ दवाइयों से एलर्जी है।"<br>"मैंने हाल ही में सर्जरी/उपचार करवाया है।"<br>"मैं बीपी/शुगर/थायरॉइड के लिए रोजाना दवाइयां लेती हूँ। मुझे रिएक्शन्स होने का डर है।"<br>"मुझे बुखार/दर्द है और मैं दवाइयां ले रही हूँ।" |
| उनकी चिंताओं को स्वीकार करना | "आपकी चिंता जायज़ है; अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहना महत्वपूर्ण है।" |
| संचार की रणनीति | यह सुनिश्चित करें कि फाइलेरिया रोधी दवा गर्भवती महिलाओं, 2 साल से कम उम्र के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार लोगों को छोड़कर सभी के लिए सुरक्षित है। |
| **Edited SB**<br>प्रतिक्रिया | "दवा आपके मासिक धर्म को प्रभावित नहीं करेगी।"<br>"यह स्तनपान कराने वाली माताओं और शिशुओं के लिए सुरक्षित है।"<br>**एलर्जी:** "यह दवा एलर्जी से लड़ने में मदद कर सकती है।"<br>**सर्जरी:** "सर्जरी के बाद भी यह दवा लेना सुरक्षित है।"<br>**अन्य दवाइयां:** "इसे अन्य दवाइयों के साथ लेना भी सुरक्षित है; बस उन्हें दो घंटे के अंतराल पर लें।" |
| प्रयोग में लाया जा सकने वाला संचार उत्पाद | यदि आवश्यक हो तो लाभार्थी को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कराए ।<br>एलएफ/फाइलेरिया रोधी दवा की सुरक्षा और पात्रता पर चर्चा करने वाले एक चिकित्सा अधिकारी का वीडियो दिखाए । |

आयु के बारे में चिंता:

| | |
|---|---|
| वे क्या कह सकते हैं | " इन दवाइयों को लेने के लिए मेरी उम्र बहुत ज्यादा है।"<br>"मेरा बच्चा इन दवाइयों को लेने के लिए बहुत छोटा है।" |
| उनकी चिंताओं को स्वीकार करना | "मैं इन दवाइयों के संबंध में उम्र के बारे में आपकी चिंता को समझता हूँ।" |
| संचार की रणनीति | 1. उन्हे आश्वस्त करें कि ये दवाएं **2** साल या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सुरक्षित हैं।<br>2. **माता-पिता के लिए संवाद :** बच्चों के लिए एलएफ/फाइलेरिया रोधी दवाओं के लाभों को हाईलाइट करें और इस बात पर जोर दें कि उनका निर्णय उनके बच्चों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।<br>3. **बुजुर्गों के लिए:** उन्हें अपने बच्चों और पोते-पोतियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा करने के लिए उनकी जिम्मेदारी की याद दिलाएं। |
| प्रतिक्रिया | **माता-पिता:** "यह दवा आपके/आपके बच्चे की उम्र में सुरक्षित है और इससे कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं होगी।"<br>**बुजुर्ग:** "यह दवा लेने से भविष्य की पीढ़ियों को फाइलेरिया जिससे स्थायी विकलांगता हो सकती है, से बचाने की आपकी जिम्मेदारी पूरी होती है, " |
| प्रयोग में लाया जा सकने वाला संचार उत्पाद | एलएफ/फाइलेरिया रोधी दवा की सुरक्षा और पात्रता पर चर्चा करने वाले एक चिकित्सा अधिकारी का वीडियो दिखाए । |

टैबलेट्स के बारे में चिंता:

| | |
|---|---|
| वे क्या कह सकते हैं | "बहुत ज़्यादा टैबलेट्स हैं।"<br>"बहुत ज़्यादा टैबलेट्स हैं, मैं उनका सुबह, शाम और रात में अलग-अलग सेवन करूंगा/करूंगी"<br>"टैबलेट्स का स्वाद खराब हैं।"<br>"एलोपैथिक दवाएं नहीं चाहिए।"<br>"गुणवत्ता के बारे में अनिश्चित है।" |
| उनकी चिंताओं को स्वीकार करना | "मैं समझता/समझती हूँ कि एक-साथ कई टैबलेट्स खाना, खासतौर पर बिना किसी बीमारी के, असामान्य बात है।" |
| संचार की रणनीति | 1. इस बात पर जोर दें कि ये एकमात्र दवाइयां हैं जो एलएफ/फाइलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी से बचाती हैं।<br>2. इस बात पर जोर दें कि दवाओं का सेवन एक बार में किया जाना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव के मामले में ड्रग ऐड्मिनिस्ट्रेटर/आशा तत्काल सहायता प्रदान कर सके और अपने सामने दवा का सेवन (डीओटी) सुनिश्चित किया जा सके।<br>3. **उन्हे** दिखाए कि अल्बेंडाज़ोल को चबाया जा सकता है या पानी में घोला जा सकता है। |
| प्रतिक्रिया | "यह एलएफ/फाइलेरिया के लिए एकमात्र उपाय है, और जिसके न किये जाने पर आजीवन विकलांगता हो सकती है। आप इन दवाओं के लाभों और हल्के दुष्प्रभावों को समझने के लिए ऑनलाइन रिसर्च कर सकते हैं।"<br>"यदि आपको एलएफ/फाइलेरिया होता है, तो इसका कोई एलोपैथिक या आयुर्वेदिक इलाज नहीं है, ये दवाएं बीमारी को रोक सकती हैं। एलएफ/फाइलेरिया संक्रामक है और पोलियो की तरह ही इसके लिए निवारक उपायों की आवश्यकता है।" |
| प्रयोग में लाया जा सकने वाला संचार उत्पाद | एलएफ/फाइलेरिया रोधी दवा की सुरक्षा और पात्रता पर चर्चा करने वाले तथा फाइलेरिया रोधी दवाओं के सेवन को प्रोत्साहित करने पर चर्चा करने वाले चिकित्सा अधिकारी का वीडियो दिखाए । |

सिस्टम पर अविश्वास

| | |
|---|---|
| वे क्या कह सकते हैं | "मेरे समुदाय को निशाना बनाने के लिए दवाई का इस्तेमाल किया जा रहा है।"<br>"मुझे सरकार पर भरोसा नहीं है। वे जो भी दवाई देंगे, वह खराब ही होगी।"<br>"मैं आपको (डीए) को नहीं जानता/जानती या भरोसा नहीं करता/करती हूँ।"<br>"मैं आपके हाथ से कुछ भी नहीं लूंगा/लूंगी।" |
| उनकी चिंताओं को स्वीकार करना | "भरोसा बहुत ज़रूरी है; मैं आपकी झिझक को समझता हूँ।" |
| संचार की रणनीति | 1. इस बात पर जोर दें कि ये एकमात्र दवाइयां हैं जो एलएफ/फाइलेरिया नामक खतरनाक बीमारी से बचाती हैं। |

| | |
|---|---|
| **Response**<br>प्रतिक्रिया | 1. **अल्पसंख्यक समुदाय से काफी हद तक इनकार के लिए:**<br>• संपर्क करने से पहले समुदाय के प्रभावशाली व्यक्ति या पीआरआई के सदस्यों से सहायता ली जाती है।<br>• आरआरटी आसानी से उपलब्ध होनी चाहिए।<br>• दवा की सुरक्षा उसी समुदाय के स्वस्थ व्यक्तियों को दिखाकर बताई जाती है, जिन्होंने पहले ही दवा का सेवन किया है।<br>• दवाओं के नाम बताएं और व्यक्ति को ऑनलाइन गूगल करने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे दवा की सुरक्षा के बारे में आश्वस्त हो सकें।<br>2. यदि इनकार करने वाला व्यक्ति डीए को नहीं पहचानता है, तो उसे आईडी दिखाई जाती है।<br>3. उन्हे बताए कि एमडीए को एक लाभकारी सेवा के रूप में तैयार किया गया है जिसे अन्य कार्यक्रमों से असंतुष्टि के कारण छोड़ा नहीं जाना चाहिए।<br>4. दवा खिलाने  के वैकल्पिक तरीकों से जाति संबंधी चिंताओं का समाधान किया जा सकता है। |
| प्रयोग में लाया जा सकने वाला संचार उत्पाद | 1. डीए/स्वयंसेवक के लिए आईडी कार्ड<br>2. अन्य समुदायों के उन लाभार्थियों की गवाही जिन्होंने सफलतापूर्वक दवा ली है।<br>3. सीएमओ से प्राधिकरण पत्र. |

शराब पीना

| | |
|---|---|
| वे क्या कह सकते हैं | "अभी मुझे परेशान मत करो। आप हमारा मूड खराब कर रहे है।"<br>"मैं कोई दवाई नहीं ले सकता क्योंकि मैं शराब पी रहा हूँ।"<br>काम के बाद रोजाना शराब पीने वाले, अक्सर समूहों में पाए जाते हैं, डीए को परेशान करते हैं, जिससे संपर्क करना मुश्किल हो जाता है। |
| उनकी चिंताओं को स्वीकार करना | "मैं समझता हूँ कि इन दवाओं को अभी लेना उचित नहीं है। मैं कल आऊंगा और कृपया एलएफ/फाइलेरिया रोधी दवाएं लेने के लिए तैयार रहें" |